कार्यालय पुलिस नियन्त्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

@CP_Jodhpur CP Jodhpur jodhpurpolice 9530440800
https://jodhpurpolice.rajasthan.gov.in

प्रेस नोट
(दिनांक 10.11.2025)

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में वांछित अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध दिनांक 10.11.2025 को प्रातः 4:00 AM से 7:00 AM तक चलाया गया "एरिया डोमिनेशन कार्यवाही" अभियान।

श्रीमान महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के निर्देशन एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर के पर्यवेक्षण में श्री ओमप्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर द्वारा पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं संगठित अपराधों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अधिक से अधिक आवश्यक कार्यवाही करने एवं सक्रिय व वांछित अपराधियों की धड़पकड़ हेतु दिनांक 10.11.2025 को एरिया डोमिनेशन विशेष अभियान चलाया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में आयुक्तालय क्षेत्र जोधपुर में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त जिला जोधपुर पश्चिम व श्री शहीन सी. पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व / मुख्यालय एवं यातायात के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व, पश्चिम तथा समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्तगण के नेतृत्व में समस्त पुलिस थानाधिकारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर एरिया डोमिनेशन के तहत हार्डकोर अपराधियों, संगठित अपराधियों ,मादक पदार्थ/अवैध हथियार/ अवैध शराब तस्करों व उनके सहयोगियों, टॉप 10 सक्रिय वांछित अपराधी, ईनामी अपराधियों, संपत्ति संबंधी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों, साधारण/ गंभीर अपराधों में वांछित अपराधियों को टारगेट करते हुए उनके रिहायशी/ संभावित ठहरने के स्थानों पर दबिश दी जाकर वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया जावे एवं किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पाई जावे तो तुरंत आवश्यक कानूनी कार्यवाही/निरोधात्मक कार्यवाही की जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में सभी एरिया डोमिनेशन में सम्मिलित होने वाली पुलिस टीमों को अभियान कार्यवाही से संबंधित ब्रिफ कर रवाना किया गया।

एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के दौरान की गई कार्यवाही

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अभियान के दौरान जिला पूर्व एवं जिला पश्चिम में **260** अधिकारियों एवं जवानों की **54** टीमों द्वारा कुल **349** स्थानों पर दबीश दी गई।

•अभियान के दौरान स्थाई वारंटी / उद्घोषित वारंटी/ 335 BNSS 2023 में गिरफ्तारी में **11**वांछित अपराधी पकड़े गए।

•अभियान के दौरान आर्म्स, एनडीपीएस, आबकारी एक्ट, हत्या, हत्या का प्रयास ,लूट ,डकैती आदि जघन्य अपराधों में **01**वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की गई।

•विभिन्न थानों के सामान्य प्रकरण में **16** वांछितों की गिरफ्तारी की गई।

•एनडीपीएस एक्ट /आर्म्स एक्ट के चालनशुदा **77** अपराधियों को चैक किया गया।

•**148** हिस्ट्रीशीटर (एच.एस).एवं **08** हार्डकोर अपराधियों को चेक किया गया।

•स्पेशल एवं लोकल एक्ट के तहत 04 कार्यवाही -

1.पुलिस थाना खाण्डाफलसा द्वारा **01** प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज-50 पव्वे देशी मदिरा मय अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

2.पुलिस थाना देवनगर द्वारा **01** प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज-2 लीटर अवैध हथकड शराब जब्त।

3.पुलिस थाना विवेक विहार द्वारा **01** प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज- **31 किलो 720 ग्राम** डोडा पोस्त मय **01** मुलजिम को गिरफ्तार किया गया।

4.पुलिस थाना बासनी द्वारा **01** प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज-**161** पव्वे देशी शराब (प्रत्येक कि मात्रा 180 एमएल) कुल **28.98 लीटर** शराब जब्त की गई।

• **20** व्यक्तियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्यवाही की गई।

•अभियान के दौरान **72** स्थाई वारंटी / गिरफ्तारी वारंटों का निस्तारण किया गया।

आमजन से आग्रह है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर